प्राचार्य
भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन
महर्रा, ललितपुर

(42)

| Activity Report | |
|---|---|
| **Academic Year** | 2021-22 |
| **Name of Activity** | Special Camp of N.S.S. Closing Day Program |
| **Activity Date** | 27 March 2022 |
| **Organized By** | N.S.S. |
| **Number of Teachers** | 30 |
| **Number of Non Teaching Staff** | 10 |
| **Number of Students** | 200 |
| **Objective** | To aware importance of Social work in student's Life |
| **Brief Report** | राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर समापन कार्यक्रम<br>" समाज सेवा राष्ट्र धर्म है"<br>भगवान आदिनाथ कालेज आफ एजुकेशन महर्रा ललितपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन के अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्रध्यापक शिक्षा विभाग के श्री अश्वनी कुमार जैन ने सम्पूर्ण शिविर की आख्या प्रस्तुत करते हुये कहा कि सभी सेवार्थियो ने परीक्षा समय होने पर भी राष्ट्रीय सेवा के प्रति जो समर्पण प्रस्तुत किया वह सराहनीय है इससे पूर्व प्रबंधक श्री प्रदीप कुमार जैन ने सभी छात्र–छात्राओ के इस समर्पण एंव कर्तव्यनिष्ठा की भूरी –भूरी प्रंशसा की और सभी को अपना आर्शीवाद दिया प्राचार्य डा. सुनील कुमार जैन ने सभी को आगामी परीक्षाओ में अच्छे प्रदर्शन के लिये प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अन्त में सभी छात्र–छात्राओ ने संयुक्त रुप से भोजन व्यवस्था में सहयोग दिया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी स्टॉफ का विशेष रुप से संयोग प्राप्त हुआ । |
|  |  |

27-03-2022
IQAC Coordinator
IQAC-COORDINATOR
Bhagwan Aadinath College of E...
Maharra-Lalitpur

27/03/22
Principal
प्राचार्य
भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन
महर्रा, ललितपुर

# ...लिए बच्चों ने बांटे घोंसले

## आओ हम सब मिलकर इन्हें बचाने के प्रयास तेज करें



गौरैया के घोंसले देते बच्चे। - संवाद

...गौरैया। घरों की महिलाएं जिस पक्षी के लिए आंगन में अनाज के दाने बिखेरती हैं वह है गौरैया। नन्हा शिशु आंगन में जिस पक्षी को दौड़ कर छूने या पकड़ने का असफल प्रयास करता है वह है गौरैया। तमाम लोकगीतों, लोककथाओं, आख्यानों में जिस पक्षी का वर्णन सबसे पहले और ज्यादा मिलता है वह है गौरैया। आओ हम सब मिलकर इन्हें बचाने के प्रयास तेज करें।

मानव किड्स क्लब की अध्यक्ष डॉली राजा ने बताया कि हमारे देश के अलग-अलग क्षेत्रों में इसे अलग-अलग नामों से पुकारा जाता है। हिंदी बेल्ट में तो इसका प्रचलित नाम गौरैया ही है। तमिल और मलयालम में इसे कुरुवी, तेलुगु में पिच्चुका, कन्नड़ में गुब्बाच्ची, गुजराती में चकली, मराठी में चिमनी, पंजाबी में चिड़ी, बांग्ला में चराई पाखी, उड़िया में घर चटिया, सिंधी में झिरकी, उर्दू में चिड़िया और कश्मीरी में चेर कहा जाता है। कहीं-कहीं पर इसे गुडरिया, गौरेलिया, खुसरा चिरई या बाम्हन चिरई भी कहा जाता है। गौरैया सबकी प्यारी चिड़िया है।

मानव किड्स क्लब की सदस्य आराध्या सिंह ने बताया कि इस बार गौरैया के आवास में गौरैया का प्रवेश द्वार दिल के आकार का बनाया गया है, जो यह संदेश देता है कि हम सब गौरैया के लिए अपने दिल के जो दरवाजे बंद कर लिए हैं उन्हें पुनः खोल दें। इस दौरान संस्था के नन्हें सदस्य रुद्र शिव भी साथ रहे।

## दो परीक्षा केंद्रों के स्टेटिक, सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट बदले

ललितपुर। डीएम आलोक सिंह ने बोर्ड परीक्षाओं में कुछ अधिकारियों का स्थानांतरण हो जाने से उनके स्थान पर दूसरे अधिकारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उन्होंने बताया कि सीबी गुप्ता इंटर कॉलेज महरौनी में स्टेटिक मजिस्ट्रेट कुलेश सिंह जेई सिंचाई निर्माण खंड, सेक्टर मजिस्ट्रेट अजीत प्रकाश बीडीओ महरौनी, जोनल मजिस्ट्रेट रामसमुझ उपायुक्त स्वतः रोजगार को बनाया है। जहां सरस्वती मंदिर इंटर कॉलेज महावरा में स्टेटिक मजिस्ट्रेट गोविंद करोड़ा, सेक्टर मजिस्ट्रेट दीपक पांडेय, जोनल मजिस्ट्रेट रविंद्रवीर यादव उपायुक्त मनरेगा को जिम्मेदारी सौंपी है। ...

# ...शिक्षिकाओं ने की समय से वेतन देने की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

ललितपुर। महिला शिक्षक संघ ने खंड शिक्षाधिकारी तालबेहट को एक ज्ञापन देकर समय से वेतन देने और बोर्ड परीक्षाओं में महिला शिक्षिकाओं के दूरस्थ अन्य ब्लॉकों में असमर्थता के कारण ड्यूटी ज्वाइन नहीं करने पर उन पर कार्रवाई नहीं किए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया कि महिला शिक्षक संघ ने बीते तीन मार्च को बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं वित्त लेखाधिकारी को समय से वेतन निर्गत करने के लिए ज्ञापन दिया था। जिसमें बताया था कि यदि प्रत्येक माह की 25 तारीख तक सभी प्रधान अध्यापक, 27 तारीख तक खंड शिक्षा अधिकारी एवं तीस तारीख तक बेसिक शिक्षा अधिकारी वेतन संस्तुति कर दें तो ससमय वेतन निर्गत होना संभव है। अनुरोध किया कि बीआरसी स्तर से समय 27 तारीख तक अनिवार्य रूप से वेतन बिल संस्तुति कर अग्रसारित करें, ताकि वेतन ससमय निर्गत हो सके। साथ ही बताया कि इस बार बोर्ड परीक्षा में जिन महिला शिक्षिकाओं ने दूरस्थ अन्य ब्लॉकों में असमर्थता के कारण ड्यूटी ज्वाइन नहीं की है, उन पर विचार करते हुए विभाग द्वारा कोई कार्रवाई न की जाए।

ज्ञापन पर महिला शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरती कुशवाहा, महामंत्री अंजुलता कुशवाहा, ब्लॉक महामंत्री दीप्ति त्रिपाठी, इंदु कुशवाहा, आकांक्षा निरंजन, सपना दीक्षित, शीतल कोरी, रोशनी सेंगर, रेनू बाला अग्निहोत्री, पूनम पुरोहित, भारती देवी, संगीता, रीना, सुषमा, स्नेहलता, रेशमा खान, विमला देवी, मीनाक्षी तिवारी, रश्मि गुप्ता, रानू अग्रवाल, एकता सिंह, गीता देवी, रोशनी, मालती, अनुप्रिया राय, दीपिका, लक्ष्मी, अस्मिता, महादेवी आदि के हस्ताक्षर हैं।



शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देती महिला शिक्षक संघ की सदस्याएं। - संवाद

**महिला शिक्षक संघ ने खंड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन देकर बताई समस्याएं**

# ...किया रक्तदान



# शिविर में भाग लेने पर छात्र- छात्राओं के समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना

ललितपुर। ग्राम महरौनी भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी अश्वनी ...



(42)
27/03/22
...ज ऑफ एजूकेशन
...लतपुर

93

NAAC ACCREDITED WITH "A" GRADE

# Bhagwan Aadinath College of Education

Recognized by NCTE and Affiliated to Bundelkhand University Jhansi, Est. 2014
*(A unit of Digamber Jain Education Welfare Society, Talabpura Lalitpur-U.P. 284403)*
(2F&12B by UGC)

| Activity Report | |
|---|---|
| Academic Year | 2021-22 |
| Name of Activity | Guru Teg Bahadur Jayanti |
| Activity Date | 21April 2022 |
| Organized By | Extension Activity Cell |
| Number of Teachers | 13 |
| Number of Non Teaching Staff | 03 |
| Number of Students | 85 |
| Objective | To aware our religious Person |
| Brief Report | भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन महर्रा ललितपुर में आज आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गुरू तेग बहादुर सिंह का 400 वां प्रकाश पर्व मनाया गया इसमें सर्वप्रथम प्रबन्धक श्री प्रदीप कुमार जैन एंव प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार जैन द्वारा संयुक्त रूप से गुरू तेग बहादुर सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। प्रबन्धक जी ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गौरव का दिन है हमारी मातृभूमि में ऐसे वीर योद्धा ने जन्म लिया गुरु तेग बहादुर जी के जीवन से हमें मातृभूमि की एक एंव कर्तव्य परायणता की शिक्षा प्राप्त होती है कि जीवन मे कितनी भी कठिनाई आ जाये हमें सत्य, देश प्रेम की राह नही छोड़नी चाहिये प्राचार्य प्रो० सुनील कुमार जैन ने कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह जिस वक्त सिक्ख धर्म की बागडोर संभाल रहे थे उस समय मुगलो के प्रादुर्भाव का वक्त था,मुगल औरंगजेब का शासन था देश भर की जनता का जबरन धर्म परिवर्तन कर इस्लामीकरण किया जा रहा था जिसमें गुरु तेग बहादुर सिंह ने विरोध किया और ओरंगजेब के खिलाफ विद्रोह किया जिसके उपरान्त औरंगजेब ने उनका शीश कटवा दिया, बाद मे जिस जगह यह घटना घटी वहां पर शीशगंज बना हुआ है यह स्थान आज दिल्ली में चांदनी चौक पर शीशगंज साहब के नाम से प्रसिद्ध है और सिक्खो का धार्मिक स्थान है। उन्होने विस्तार से चर्चा की और कहा कि हमें अपने धर्म के प्रति समर्पित होना चाहिए। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग कि प्रभारी श्री विनोद कुमार बौद्ध, बी.एड. प्रभारी श्री रोहित जैन, डी.एल.एड. प्रभारी निधि जैन, राकेश कुमार,अश्विनी कुमार,रामसेवक चन्द्राकर,अरूणा सिंह,सिवैतार यादव,अंकित नामदेव, अनुराग पटैरिया, मधु जैन, अनुज बुन्देला एंव समस्त शिक्षकगण एंव कर्मचारी उपस्थित रहे। |
|  |  |

21-04-2022
IQAC Coordinator
IQAC COORDINATOR
Bhagwan Aadinath College of Education
Maharra-Lalitpur

Principal
प्राचार्य 21/04/22
भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन
महर्रा

# हुआ 51 का चयन

## रोजगार स्थापित कर रही : विधायक



...न कुमार ...। - अमर उजाला

...करने का अवसर प्राप्त होता है। जिले में अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन टीम आलोक सिंह की अध्यक्षता में किया गया। मेले में विभिन्न विभागों एवं अधिष्ठानों द्वारा तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणार्थियों को अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने के लिए स्टॉल लगाए गए। राजकीय आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य मानसिंह भारती ने कहा कि मेले का उद्देश्य आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है।

इस अवसर पर 280 प्रशिक्षार्थियों में 51 को चयनित किया गया। संचालन विलास पटैरिया ने किया। इस मौके पर सीडीओ अनिल कुमार पांडेय, कमलेश सराफ, आकांक्षा यादव, रमेशचंद्र मौजूद रहे।

## ...चलो रैली



...यान रैली निकालते बच्चे। - संवाद

...संपर्क एवं वार्ता कर बच्चों को विद्यालय भेजने की सलाह दी। गोविन्दपुरा, संजीत तिवागना, धुर्वायत महावता, कन्या कंपोजिट महावता में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान एसएमसी अध्यक्ष फूलसिंह, प्रधानाध्यापक नरेश कुमार, ब्रजेश कुमार, दिनेश कुमार, रविकांत भारती, अनुदेशक इमरान खान, विपिन कुमार मौजूद रहे।

# शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षित होना आवश्यक

अमर उजाला ब्यूरो

ललितपुर। श्री दीपचंद चौधरी महाविद्यालय के बीएड संकाय के चयनित टॉप-10 प्रशिक्षुओं को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर महाविद्यालय परिवार की ओर से आगामी कार्यक्रम सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। संस्थापक प्रबंधक कमलेश चौधरी ने कहा कि शिक्षा स्तर को सुधारने के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षित होना जरूरी है।

शहर क्षेत्र में स्थित श्री दीपचंद चौधरी महाविद्यालय के बीएड संकाय के सत्र 2021 के रिजल्ट में महाविद्यालय के 10 प्रशिक्षुओं ने बेहतर अंक प्राप्त किए। चयनित टॉप-10 प्रशिक्षुओं में स्वीटी देवलिया ने 82.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला, विजय कुमार ने 82.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और अरुण सिंह ने 82.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पिंकी जैन ने 82.75 प्रतिशत, कृष्णगोपाल सिंह ने 82.16 प्रतिशत, विकास सोनी ने 82 प्रतिशत, वर्षा जैन ने 81.91 प्रतिशत, अंजली ने 81.33 प्रतिशत, महिमा झा ने 81.16 प्रतिशत, विशाल जैन ने 81.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपना नाम भी टॉप-10 की लिस्ट में दर्ज कराया।

### बीएड संकाय की परीक्षा के टॉप-10 में स्वीटी देवलिया रहीं अव्वल

प्राचार्य डॉ. जेएस तोमर ने कहा कि एक शिक्षक को आत्मज्ञान की अनुभूति तभी हो सकती है, जब वह अपने प्रशिक्षण को पूर्ण ईमानदारी से निर्वहन करते हैं। बीएड विभागाध्यक्ष आदित्य मिश्रा ने बताया कि एक प्रशिक्षित अध्यापक अपने बच्चों के साथ-साथ समाज के शैक्षणिक स्तर को सुधारने में मुख्य भूमिका अदा करता है।

# जीवन में कितनी भी कठिनाई आए, सत्य की राह नहीं छोड़नी चाहिए

ललितपुर। भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन महर्रा में वृहस्पतिवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गुरु तेग बहादुर सिंह का 400 वां प्रकाश पर्व मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु तेग बहादुर सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

प्रबंधक प्रदीप कुमार जैन ने कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह के जीवन से हमें मातृभूमि एवं कर्तव्य परायणता की शिक्षा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि जीवन में कितनी भी कठिनाई आ जाए हमें सत्य, देश प्रेम की राह नहीं छोड़नी चाहिए। प्राचार्य प्रोफेसर सुनील कुमार जैन, शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी विनोद कुमार बौद्ध, बीएड प्रभारी राहुल जैन, डीएलएड प्रभारी निधि जैन, राकेश कुमार, अश्विनी कुमार, रामसेवक चंद्राकर, अरुणा सिंह, अंकित नामदेव, अनुराग पटैरिया, मधु जैन, अनुजा बुंदेल उपस्थित रहे। संवाद


**भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन**

ग्राम महर्रा, ललितपुर

(नैक 'ए' ग्रेड कॉलेज)

(NCTE से मान्यता प्राप्त, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजना अन्तर्गत संचालित विषयों में निम्न प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।

| "बी.एड. पाठ्यक्रम" | | "डी.पी.एड. पाठ्यक्रम" | |
|---|---|---|---|
| प्रवक्ता | [illegible] | विभागाध्यक्ष | 1 पद |
| प्रवक्ता [illegible] | 1 पद | प्रवक्ता | [illegible] |
| प्रवक्ता [illegible] | 1 पद | "बी.एस.सी. पाठ्यक्रम" | |
| "बी.ए. पाठ्यक्रम" | | | |
| प्रवक्ता राजनीति विज्ञान | 1 पद | प्रवक्ता भौतिक विज्ञान | 1 पद |
| प्रवक्ता [illegible] | 1 पद | प्रवक्ता गणित | 1 पद |
| प्रवक्ता [illegible] | 1 पद | प्रवक्ता [illegible] विज्ञान | 1 पद |
| प्रवक्ता [illegible] | 1 पद | | |

-: योग्यता एवं वेतनमान :-

स्ववित्तपोषित संस्था हेतु यू.जी.सी., एन.सी.टी.ई., उत्तर प्रदेश शासन एवं ...




...ी के अमृत ...गया इसमें ...जैन द्वारा ...र कार्यक्रम ...ी के लिए ...तेग बहादुर ...प्त होती है ...नहीं छोड़नी ...जिस वक्त ...का वक्त ...रिवर्तन कर ...किया और ...शीश कटवा ...यह स्थान ...और सिक्खों ...ने धर्म के ...प्रभारी श्री ...निधि जैन, ...मदेव, अंकित ...व कर्मचारी

प्राचार्य 22/04/22

...कॉलेज ऑफ एजूकेशन

## Activity Report

| | |
|---|---|
| **Academic Year** | 2021-22 |
| **Name of Activity** | A Program on "World Earth Day" |
| **Activity Date** | 22April 2022 |
| **Organized By** | IQAC |
| **Number of Teachers** | 35 |
| **Number of Non Teaching Staff** | 04 |
| **Number of Students** | 120 |
| **Objective** | To aware about our Earth Planet |
| **Brief Report** | नैक ए ग्रेड शिक्षण संस्थान भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन महरौं ललितपुर मे आज दिनांक 22.04.2022 को विश्व पृथ्वी दिवस पर एक संगोष्ठी आयोजित की गयी, जिसमें माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष प्रबन्धक श्री प्रदीप कुमार जैन एंव प्राचार्य प्रो0 सुनील कुमार जैन ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।<br>प्रबन्धक जी ने कहा कि पूरे ब्रम्हाण्ड मे सिर्फ पृथ्वी ही ऐसा ग्रह है। जिस पर जीवन है बाकि ग्रहो पर आक्सीजन, पानी और जीव की उपस्थिति नही है इसलिए हमे पृथ्वी पर इन चीजो की संरक्षा सुरक्षा करनी चाहिए जिससे पृथ्वी इन चीजो से वंचित न हो जाये और हम किसी भयावह समस्या से ग्रसित न हो जाये।<br>प्रचार्य जी ने कहा कि 22 अप्रेल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है पृथ्वी सभी जीवो के लिये जीवन दायिनी है। क्योकि जीवन जीने के लिये जिन प्राकृतिक संसाधनो की जरूरत होती है पृथ्वी वे सभी हमे देती है। उन्होने कहा कि अर्थ डे मनाने की शुरूआत 1970 मे हुई थी सबसे पहले अमेरिकी सीनेटर गेलार्ड नेल्सन ने पर्यावरण की शिक्षा के तौर पर इस दिन की शुरूआत की थी। बी.पी.एड. प्रभारी विनोद कुमार बौद्ध ने कहा कि पृथ्वी दिवस के प्रति लोगो को और ज्यादा जागरूक करने के लिये इसे हम पर्यावरण शिक्षा को अनिवार्य विषय के रूप मे बच्चो को पढ़ाना चाहिए जिससे सभी बच्चे शुरूआत से ही इसके महत्व को समझे। इस अवसर पर बृजमोहन वर्मा, बी.एड. प्रभारी श्री रोहित जैन, डी.एल.एड. प्रभारी निधि जैन, राकेश कुमार,अश्विनी कुमार जैन , भानु प्रताप वाजपेयी रामसेवक चन्द्राकर,अरूणा सिंह,सिवौतार यादव,अंकित नामदेव, अनुराग पटैरिया, मधु जैन, अनुज हुण्डेत एंव समस्त शिक्षकगण एंव कर्मचारी उपस्थित रहे। |





22.04.2022

IQAC Coordinator
IQAC COORDINATOR
Bhagwan Aadinath College of Education
Maharra-Lalitpur

Principal
प्राचार्य
भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजूके
महरौं, ललितपुर

# ...तापमान भविष्य के लिए खतरे का संकेत

## ...हाविद्यालय में हुई संगोष्ठी



...लवान गुरुदीन कॉलेज के प्रबंधक और प्राचार्य। संवाद

...विनोद कुमार ... यादव, डॉ. ... जैन, प्रो. ... प्रो. सरिता ... खान, प्रो. ... प्रो. सदना ... अभिनेंद्र सिंह

...पहलवान ... महाविद्यालय में वीधारोपण किया गया। प्राचार्य डॉ. ... ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस हमें अपने आसपास से निकलकर पृथ्वी के बारे में सोचने और कुछ करने को विवश करता है। संग्राम सिंह यादव, प्रो. प्रकाश खरे, प्रो. साधना नागल, प्रो. रंजना श्रीवास्तव, प्रो. सुषमा पटेल, अनामिका, रेखा, सोनिया, शबनम, प्रो. लता जायसवाल, प्रो. भूपेंद्र सिंह,



कार्यक्रम में शामिल भगवान आदिनाथ कॉलेज के प्राचार्य और प्रोफेसर।

### प्राकृतिक संसाधनों की जरूरत पूरी करती है पृथ्वी

ललितपुर। महरौनी स्थित भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पृथ्वी दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रबंधक प्रदीप कुमार जैन ने कहा कि ब्रह्मांड में सिर्फ पृथ्वी ही ऐसा ग्रह है। जिस पर जीवन है। बाकी ग्रहों पर ऑक्सीजन, पानी और जीव की उपस्थिति नहीं है। इसलिए हमें पृथ्वी पर इन चीजों की सुरक्षा करनी चाहिए। प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार जैन, बीपीएड प्रभारी विनोद कुमार बौद्ध, बृजमोहन, बीएड प्रभारी रोहित जैन, डीएलएड प्रभारी नितिन जैन, राकेश कुमार, अश्विनी कुमार जैन, अनुराग पटैरिया, मधु जैन, अनुज बुंदेला मौजूद रहे। संवाद

प्रो. गंगाराम विश्वकर्मा, राघवेंद्र सिंह, जगत झा, मुश्ताक खान, मुजफ्फर अली, रामस्वरूप, सचिन, देवेंद्र, विमला परमानंद मौजूद रहे।

### बच्चों को किया जागरूक

मड़ावरा। कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय मड़ावरा में भी पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया जिसमें ग्लोब के माध्यम से बच्चों को अक्षांश एवं देशांतर रेखाओं के माध्यम से पृथ्वी की बनावट एवं दिन-रात होना समेत मौसम बदलने की जानकारी भी दी गई। संवाद

### पृथ्वी को बचाने के लिए वृक्ष लगाना आवश्यक

ललितपुर। प्रगति विद्या मंदिर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कर बच्चों को पृथ्वी के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक ... श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य अखिलेश झा, ... जैन, पूजा झा, ... सोनी, अंजली निरंजन, ममता जैन, ... मौजूद रहे। संवाद

## ...का संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी





UP Rural Roads Development Agency
4th & 5th Floor Ganna Kisan Sansthan,
New Berry Road, Dalibagh, Lucknow
Phone No. 0522-3510803, Email ld-up-cexo@nic.in
No. 27ST-252/UPRRDA/2022 Dated : 22.04.2022
E-Procurement Notice for Selection





22.04.2022
IQAC Coordinator
IQAC-COORDINATOR
Bhagwan Aadinath College of Education
Maharra-Lalitpur

Principal 22/04/22
प्राचार्य
भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजु...
महरौनी, ललितपुर

45

NAAC ACCREDITED WITH "A" GRADE

**Bhagwan Aadinath College of Education**

Recognized by NCTE and Affiliated to Bundelkhand University Jhansi, Est. 2014

*(A unit of Digamber Jain Education Welfare Society, Talabpura Lalitpur-U.P. 284403)*

(2F&12B by UGC)

| Activity Report | |
|---|---|
| **Academic Year** | 2021-22 |
| **Name of Activity** | Aazadi Ka Amrat Mahotasav "Role Of Women In 1857 First Revolution in India " |
| **Activity Date** | 10 May 2022 |
| **Organized By** | N.S.S. |
| **Number of Teachers** | 40 |
| **Number of Non Teaching Staff** | 10 |
| **Number of Students** | 172 |
| **Objective** | To aware about our women freedom fighter of 1857 Revolution |
| **Brief Report** | नेक ए ग्रडेड शिक्षण संस्थान भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन ललितपुर में आज आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 1857 क्रांति में महिलाओं की भागीदारी शीर्षक पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में महाविद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं ने भी अपने विचार प्रकट किए। बी.एड.की छात्रा अदिति कौशिक ने कहा कि1857 में महिलाओं की उपस्थिति को नकारा नहीं जा सकता। 1857 क्रांति के सूत्रधार रानी झांसी को माना जाता है। सेमिनार के प्रारंभिक सत्र में संस्थान के प्रबंधक प्रदीप जैन ने 1857 में महिलाओं की भूमिका शीर्षक पर अपने वक्तव्य में कहा कि 1857 में भारत में हुई क्रांति भारत की स्वतंत्रता की पहली क्रांति मानी जाती है । जिसमें महिलाओं ने अपना योगदान दिया है। इन महिलाओं मे प्रमुख रूप से झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, लखनऊ की रानी बेगम हजरत महल ,वीरांगना झलकारी बाई, मोती बाई, काशीबाई आदि महिलाएं प्रमुख रूप से इस क्रांति में अपने देश पर अपने प्राणों को निछावर किया है। आई.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर डॉ रोहित कुमार ने सेमिनार में उपस्थित विद्यार्थियों के बीच 1857 की क्रांति ,को देश में आजादी और स्वतंत्रता पाने की ललक जलाने के लिए जाना जाता है 1857 के बाद ईस्ट इंडिया कंपनी का भारत देश से राज खत्म हुआ और भारत को ब्रिटिश महारानी ने अपने हाथ में लिया।1857 की क्रांति में महिलाओं ने अपने आप को वीरांगना के रूप में प्रकट किया। छोटे से छोटे नगर में महिलाओं ने अपनी टोली बनाई और अंग्रेजों के विरुद्ध खड़ी हो गई । |



10-05-2022

IQAC Coordinator

IQAC-COORDINATOR
Bhagwan Aadinath College of Education
Maharra-Lalitpur

Principal

प्राचार्य
भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन
महरौनी, ललितपुर

NAAC ACCREDITED WITH "A" GRADE
[redacted]

# Bhagwan Aadinath College of Education

Recognized by NCTE and Affiliated to Bundelkhand University Jhansi, Est. 2014
*(A unit of Digamber Jain Education Welfare Society, Talabpura Lalitpur-U.P. 284403)*
(2F&12B by UGC)

| | Activity Report |
|---|---|
| Academic Year | 2021-22 |
| Name of Activity | Maharana Pratap Jayanti |
| Activity Date | 09 May 2022 |
| Organized By | Extension Activity Cell |
| Number of Teachers | 30 |
| Number of Non Teaching Staff | 06 |
| Number of Students | 120 |
| Objective | To aware about our Pride |
| Brief Report | आज वीर महान सपूत महाराणा प्रताप की जन्म जयंती के अवसर पर नैक ए ग्रेड प्राप्त शिक्षण संस्थान भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन महार्रा ललितपुर में भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्रबंधक श्री प्रदीप जैन एवं प्राचार्य डॉ सुनील कुमार जैन और आइक्यूएसी प्रभारी डॉ रोहित कुमार जैन ने संयुक्त रूप से महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित करके संगोष्ठी का शुभारंभ किया। रोहित कुमार जैन ने इस अवसर पर महाराणा प्रताप की अपने देश के प्रति समर्पण एवं अपनी प्रजा के प्रति उनके कर्तव्यों के निर्वाह और वीरता के बारे में अपने वक्तव्य में कहा कि ऐसे महान सपूत ही हमारे देश का गौरव है प्रेरणा स्रोत है इन्हीं को हम असली नायक मानते हुए इनके बताए हुए मार्ग पर चलने का निरंतर प्रयास कर रहे है। इस संगोष्ठी में बी.ए .संकाय से सहायक प्राध्यापक श्री अनुराग पटैरिया ने श्याम नारायण पांडे की हल्दी घाटी कविता का वाचन किया । एनएसएस द्वितीय यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी श्री अश्विनी कुमार जैन ने भारत के वीर सपूत महान योद्धा व शौर्य के प्रतीक महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र का वर्णन किया। डीएलएड की अध्यक्ष श्रीमती निधि जैन ने महाराणा प्रताप के साथी चेतक की वीरता के बारे मे बताया । बीपीएड संकाय प्रभारी श्री विनोद कुमार ने महाराणा प्रताप का रोचक प्रसंग सुनाया । बी.एड. विभाग से श्री राकेश कुमार ने हल्दीघाटी के युद्ध 18 जून 1576 जो मेवाड़ा मुगलो की सेना के बीच हुआ था उसका वर्णन किया। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ छात्राएं मौजूद रहे एवं कार्यक्रम का संचालन श्री अंकित नामदेव किया। आजादी के 75 वर्ष गांठ के अवसर पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है जिसमे देश के महान सपूतों को याद किया जा रहा है तथा उनके बारे मे उनके व्यक्तित्व के बारे मे उनकी वीरता के बारे मे छात्रों को अवगत कराया जा रहा है ताकि आने वाली पीढ़ी उनके पराक्रम को समझे देश की आजादी के मूल्य का मान करें एवं देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें इसी क्रम में महाविद्यालय में भी आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत यह कार्यक्रम संपन्न किया गया। |
| Photo |  |

09.05.2022
IQAC Coordinator
IQAC-COORDINATOR
Bhagwan Aadinath Collage of Education
Maharra-Lalitpur

Principal
प्राचार्य
भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन
महार्रा, ललितपुर

46

# ललितपुर जागरण



ललितपुर : संगोष्ठी को सम्बोधित करते वक्ता व मौजूद विद्यार्थी।

## देश का गौरव व प्रेरणा स्रोत हैं महाराणा प्रताप

**देश की आजादी का अमृत महोत्सव के तहत भगवान आदिनाथ कॉलिज में संगोष्ठी सम्पन्न**

ललितपुर ब्यूरो : आजादी के 75 वर्षगाँठ पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है जिसमें देश के महान सपूतों को याद किया जा रहा है तथा उनके बारे में उनके व्यक्तित्व व उनकी वीरता के बारे में छात्रों को बताया जा रहा है ताकि आने वाली पीढ़ी उनके पराक्रम व देश की आजादी के मूल्य का मान करे एवं देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझे। इसी क्रम में वीर सपूत महाराणा प्रताप की जन्म जयन्ती पर नैक ए ग्रेड प्राप्त शिक्षण संस्थान भगवान आदिनाथ कॉलिज ऑफएजुकेशन महर्रा में भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्रबंधक प्रदीप जैन एवं प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार जैन और आइक्यूएसी प्रभारी डॉ. रोहित कुमार जैन ने संयुक्त रूप से महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस दौरान आईक्यूएसी प्रभारी रोहित कुमार जैन ने महाराणा प्रताप की देश के प्रति समर्पण एवं अपनी प्रजा के प्रति उनके कर्तव्यों के निर्वाह और वीरता के बारे में कहा कि ऐसे महान सपूत ही देश का गौरव है प्रेरणा स्रोत है। इन्हीं को हम असली नायक मानते हुये इनके बताये मार्ग पर चलने का निरंतर प्रयास कर रहे है। बीए संकाय से सहायक प्राध्यापक अनुराग पटैरिया ने श्याम नारायण पांडे की हल्दी घाटी कविता का वाचन किया। एनएसएस द्वितीय यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी अश्विनी कुमार जैन ने भारत के वीर सपूत महान योद्धा व शौर्य के प्रतीक महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र का वर्णन किया। डीएलएड की अध्यक्ष निधि जैन ने महाराणा प्रताप के साथी चेतक की वीरता के बारे में बताया। बीपीएड संकाय प्रभारी विनोद कुमार ने महाराणा प्रताप का रोचक प्रसंग सुनाया। बीएड विभाग से राकेश कुमार ने हल्दीघाटी के युद्ध 18 जून 1576 जो मेवाड़ मुगलों की सेना के बीच हुआ था, का वर्णन किया। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त स्टाफ व छात्रायें मौजूद रहे। संचालन अंकित साम्देव किया।

## न फड़ बने और न सेक्शन, कल से कैसे शुरू होगी तेंदूपत्ता की तुड़ाई?

**जनपद में 14 हजार मानक बोरा तुड़ाई का रखा गया लक्ष्य**

ललितपुर ब्यूरो : वन निगम के अफसरों की उदासीनता और लापरवाही के कारण अब तक जनपद में तेंदूपत्ता की तुड़ाई शुरू नहीं हो सकी, जबकि बीते डेढ़ माह पूर्व अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन निगम लखनऊ ने वन निगम और वन विभाग के अफसरों की बैठक लेकर 10 मई से तुड़ाई शुरू कराने के आदेश दिये थे। इसके बावजूद अब तक न तो कहीं सेक्शन बनाये गये है, और न ही फड। ऐसे में ग्रामीण अपने स्तर से तेंदूपत्ता तोड कर अपने घर ... के अफसरों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की थी। तय किया गया था, कि तेंदूपत्ता की तुड़ाई 10 मई से शुरू की जायेगी। इसके लिये 85 फड, 28 इकाई और 5 सेक्शन बनाये जायेंगे। इसे विडम्बना नहीं तो और क्या कहेंगे कि कल 10 मई से तेंदूपत्ता की तुड़ाई शुरू की जानी थी, और अब कहीं भी फड और सेक्शन नहीं बनाये गये है। ऐसे में कैसे लक्ष्य पूरा होगा? यह सवाल खड़े करता है।

**फड़ शुरू न होने से**

### पत्नी पर प्रताड़ित करने का आरोप

ललितपुर: थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम अंधेर निवासी मोहन पुत्र हसन सहरिया ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पत्नी एवं ससुरालीजनों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कारवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि शादी के बाद से ही उसकी पत्नी ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया था, और आए - दिन उसे बिना बताए मायके चली जाती है, मना करने पर आत्महत्या की धमकी देती है और उसके बच्चों का गर्भपात करा चुकी है, बीती पांच मई को वह अपनी पत्नी को लेने गया तो ससुरालीजनों ने गाली गलौच कर जान

NAAC ACCREDITED WITH "A" GRADE

[redacted]

# Bhagwan Aadinath College of Education

Recognized by NCTE and Affiliated to Bundelkhand University Jhansi, Est. 2014

*(A unit of Digamber Jain Education Welfare Society, Talabpura Lalitpur-U.P. 284403)*

(2F&12B by UGC)

| Activity Report | |
|---|---|
| **Academic Year** | 2021-22 |
| **Name of Activity** | Road Safety Oath |
| **Activity Date** | 20 May 2022 |
| **Organized By** | Extension Activity Cell |
| **Number of Teachers** | 30 |
| **Number of Non Teaching Staff** | 06 |
| **Number of Students** | 235 |
| **Objective** | To aware about our Road Safety |
| **Brief Report** | नैक द्वारा ए ग्रेड प्राप्त शिक्षण संस्थान भगवान आदिनाथ कालेज आफ एजुकेशन महर्रा ललितपुर में सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के अंतर्गत एक माह के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक श्री प्रदीप कुमार जैन एवं प्रशासनिक अधिकारी बृजमोहन वर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया गया । इस अवसर पर प्रबंधक जी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे महाविद्यालय की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि समाज में यातायात एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करें । हम सभी का कर्तव्य बनता है कि आने वाली पीढ़ी को और वर्तमान पीढ़ी को सड़क पर चलने के नियमों के बारे में समय–समय पर अवगत कराते रहें । सड़क सुरक्षा माह इसी उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा हम लोगों को निर्देशित किया गया कि हम अपने कार्यों में इस प्रकार की जागरूकता बढ़ाएं ताकि सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। शिक्षा विभाग के प्राध्यापक अश्वनी कुमार जैन ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम मे बीए बी कॉम ,बी.एड. बीपीएड डीएलएड सभी संकाय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया और शपथ ली कि वे सड़क पर चलते समय सड़क पर चलने के बनाए गए नियमों का पालन करेंगे एवं अनिवार्य रूप से हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करेंगे तथा वे भी लोगों को सड़क पर चलने वाले नियमों के लिए लोगों को जागरूक करेंगे ताकि भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके । इस कार्यक्रम में राकेश कुमार कटरा ने अपने वक्तव्य में कहा कि निश्चित रूप से हमें अपने साथ–साथ दूसरे के प्राणों की रक्षा करनी है तो सड़क पर चलने के नियमों का पालन करना ही होगा ना केवल हमें पालन करना होगा बल्कि दूसरे लोगों को भी इसके लिए जागरूक करना होगा । ताकि सड़क पर चलने वाले सभी लोग सुरक्षित रहें और जो घर से निकले हैं और घर पर दिन का इंतजार हो रहा है वे सही सलामत अपने घर पर पहुंच सकें। |





20-05-2022

IQAC Coordinator

IQAC COORDINATOR
Bhagwan Aadinath College of ...
Maharra-Lalitpur

Principal 20/05/22

प्राचार्य
भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजु...

NAAC ACCREDITED WITH "A" GRADE
[redacted]

# Bhagwan Aadinath College of Education

Recognized by NCTE and Affiliated to Bundelkhand University Jhansi, Est. 2014
*(A unit of Digamber Jain Education Welfare Society, Talabpura Lalitpur-U.P. 284403)*
(2F&12B by UGC)

| Activity Report | |
|---|---|
| **Academic Year** | 2022-23 |
| **Name of Activity** | Under Road Safety Month Organized Oath Ceremony |
| **Activity Date** | 20 May 2022 |
| **Organized By** | N.S.S. |
| **Number of Teachers** | 40 |
| **Number of Non Teaching Staff** | 10 |
| **Number of Students** | 168 |
| **Objective** | To aware about Road Safety |
| **Brief Report** | नैक द्वारा ए ग्रेड प्राप्त शिक्षण संस्थान भगवान आदिनाथ कालेज आफ एजुकेशन महर्रा ललितपुर में सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के अंतर्गत एक माह के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक श्री प्रदीप कुमार जैन एवं प्रशासनिक अधिकारी बृजमोहन वर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया गया । शिक्षा विभाग के प्राध्यापक अश्वनी कुमार जैन ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम मे बीए बी कॉम ,बी.एड., बीपीएड डीएलएड सभी संकाय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया और शपथ ली अंकित नामदेव ने बताया कि शासन द्वारा पूरे 1 माह के सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके अंतर्गत निबंध लेखन ,पोस्टर प्रतियोगिता, आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे । |
|  |  |

IQAC Coordinator

Principal
प्राचार्य
भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन
महर्रा, ललितपुर

# ललितपुर जागरण



ललितपुर : भगवान आदिनाथ कॉलिज में यातायात नियमों के पालन की शपथ लेते विद्यार्थी।



ललितपुर : कार्यक्रम

# सुरक्षित जीवन को करें यातायात नियमों क

## नैक 'ए' ग्रेड प्राप्त शिक्षण संस्थान भगवान आदिनाथ कॉलिज में सड़क सुरक्षा माह का हुआ शुभ



ललितपुर : पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाते प्राचार्य

ललितपुर ब्यूरो : नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त शिक्षण संस्थान भगवान आदिनाथ कालिज आफ एजुकेशन महर्रा में सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्रबंधक प्रदीप कुमार जैन एवं प्रशासनिक अधिकारी बृजमोहन वर्मा ने किया। इस दौरान प्रबन्धक ने कहा कि महाविद्यालय की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि समाज में यातायात एवं ह्ड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में रूकता बढ़ाने का कार्य करें।

न्होंने कहा कि हमारा जीवन अनमोल है और हमें इसकी रक्षा करनी चाहिये। शारीरिक शिक्षा विभाग के विनोद कुमार बौद्ध ने कहा कि सड़क दुर्घटना का प्रमुख कारण तीव्र गति, शराब पीकर गाड़ी चलाना एवं सड़क नियमों का पालन न करना है। इस दौरान अनुराग पटैरया, अनुज बुन्देला, मधु जैन भावना सैन, अनुराग सैन, पुष्पेंद्र यादव, देवेंद्र सिंह, कृष्णा ग्वाला, कॉलिज स्टॉफ व छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

### धीमी गति से चलायें वाहन : प्रो. अरविन्द

आदिनाथ कॉलिज ऑफ एजुकेशन महर्रा मे आयोजित कार्यक्रम में बीएड विभाग से अरविन्द कुमार आर्य (असिस्टेंट प्रोफेसर) ने कहा कि

सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के शुभारम्भ पर प्रबन्धक कमलेश चौधरी ने छात्र-छात्राओं को यातायात संबंधी नियम बताते हुये कहा कि युवा यातायात नियमों का पालन करें। प्राचार्य डॉ. जेएस. तोमर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा युवा शक्ति शामिल है। ऐसे में उन्हें सबसे ज्यादा जागरूक किए जाने की जरूरत है। प्रबन्ध तन्त्र की ओर से मौजूद प्रदीप चौधरी ने कहा कि बदलते समय में सड़क सुरक्षा सबसे बड़ा मुद्दा है।

सभी छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन





NAAC ACCREDITED WITH "A" GRADE

[redacted]

# Bhagwan Aadinath College of Education

Recognized by NCTE and Affiliated to Bundelkhand University Jhansi, Est. 2014
*(A unit of Digamber Jain Education Welfare Society, Talabpura Lalitpur-U.P. 284403)*
(2F&12B by UGC)

48

| Activity Report | |
|---|---|
| **Academic Year** | 2021-22 |
| **Name of Activity** | Essay Competition On "Road Safety" |
| **Activity Date** | 23 May 2022 |
| **Organized By** | Extension Activity Cell |
| **Number of Teachers** | 30 |
| **Number of Non Teaching Staff** | 06 |
| **Number of Students** | 82 |
| **Objective** | To aware about our Road Safety |
| **Brief Report** | सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन महर्रा–ललितपुर मे निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रारंभ मे प्रबंधक श्री प्रदीप कुमार जैन ने अपने अध्यक्षीय भाषण कहा कि भारत मे हर वर्ष सड़क दुर्घटना मे करीब एक लाख से अधिक लोगो के जान गवां देने पर चिंता व्यक्त की। इससे पूर्व कार्यक्रम का प्रारंभ बी.एड. की छात्रा साक्षी ग्रुप द्वारा माँ सरस्वती की वंदना करके किया गया।<br>प्राचार्य डॉ० सुनील कुमार जैन ने इस संदर्भ मे शासन की नीतियो से अवगत कराते हुए कहा कि प्रत्येक महाविद्यालय मे सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन सरकार की सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के प्रति संवेदनशीलता को व्यक्त करती है इसलिये सभी की सहभागिता अनिवार्य है। कार्यक्रम मे बी.एड. विभाग की वरिष्ठ सहा०प्राध्यापक अश्विनी कुमार जैन ने बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 78.3 प्रतिशत चालकों की लापरवाही से दुर्घटनाऐं होती है इसलिए प्रत्येक चालक को सीट बैल्ट एवं हेलमेट लगाने, वाहन चालकों के नियमित नेत्र परीक्षण के महत्व, रैस ड्राइविंग एवं ओवरलोडिंग वाहन चलाने के दुष्परिणामों के बारे मे जागरुक होना चाहिए जिसके लिये समय समय पर बैठकों का आयोजन किया जाना चाहिए। मनोविज्ञान विभाग से सहा०प्राध्यापक अमरेन्द्र कुमार लाल एवं कार्यालय अध्यक्ष श्री बृज मोहन वर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राहगीरों या चश्मदीदों के द्वारा सड़क दुर्घटना मे घायल व्यक्तियों की मदद न करने से अनेक घायलों की अकाल मृत्यु हो जाती है इसके लिए आवश्यक है कि सरकारी स्तर पर एक इस तरह का तंत्र विकसित किया जाये जिसमे चश्मदीदो को कानूनी रूप से कोई परेशान न करे, इसके लिए पुलिस या कोई और उनको पहचान बताने के लिये बाध्य नही करें।इस अवसर पर विभिन्न संकाय के छात्र–छात्राऐं, महाविद्यालय के शिक्षक श्री रामसेवक चन्द्राकर, अंकित नामदेव, अनुराग पटैरिया, मधु जैन, विनीता जैन, अनुज हुण्डैत, भावना सेन, अंकित जैन, कृष्णा ग्वाला, पुष्पेन्द्र यादव, जगतनारायण, अनुराग सेन एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा । कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. कार्यक्रम प्रभारी अश्विनी कुमार जैन ने किया। |
|  |  |

23.05.2022

IQAC Coordinator
IQAC-COORDINATOR
Bhagwan Aadinath College of Education
Maharra-Lalitpur

Principal
23/05/22
प्राचार्य
भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजु.
महर्रा ललितपुर

NAAC ACCREDITED WITH "A" GRADE
[redacted]

# Bhagwan Aadinath College of Education

Recognized by NCTE and Affiliated to Bundelkhand University Jhansi, Est. 2014
*(A unit of Digamber Jain Education Welfare Society, Talabpura Lalitpur-U.P. 284403)*
(2F&12B by UGC)

| Activity Report | |
|---|---|
| **Academic Year** | 2021-22 |
| **Name of Activity** | Under Mission Shakti Phase 4.0 Quiz about Road Safety |
| **Activity Date** | 21 May 2022 |
| **Organized By** | N.S.S. |
| **Number of Teachers** | 40 |
| **Number of Non Teaching Staff** | 10 |
| **Number of Students** | 130 |
| **Objective** | To aware about Road Safety |
| **Brief Report** | आज दिनांक 21 मार्च 2022 को दिन शनिवार को भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मिशन शक्ति फेज 4.0 के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसने महाविद्यालय समस्त छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया और महाविद्यालय प्रांगण की सफाई में योगदान दिया । इस कार्यक्रम के उपरांत महाविद्यालय के ICT ब्लॉक में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।<br>प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंधक श्री प्रदीप जैन और प्राचार्य डॉ सुनील कुमार जैन ने किया प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में B.Ed विभाग से अश्विनी कुमार जैन, bp.ed विभाग प्रभारी विनोद कुमार बौद्ध, D.El.Ed विभागाध्यक्ष श्रीमती निधि जैन, NSS प्रभारी रामसेवक चंद्राकर रहे। प्रतियोगिता से संबंधित प्रश्नावली तैयार करने तथा प्रश्न पूंछने का कार्य सहायक प्राध्यापक अमरेंद्र कुमार लाल सहा.प्रा. श्रीमती विनीता जैन, सहा.प्रा. अंकित नामदेव सहा. प्रा. श्रीमती मधु जैन सहा. प्रा. अनुराग पटेरिया ने किया। प्रतियोगिता में सभी विभागों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया उनको टीम A, टीम B, तथा टीम C में बांटा गया जिसमें टीम A के कप्तान राहुल कुमार टीम B की कप्तान छाया राजा टीम C की कप्तान मीमांशा खरे रही । टीम B ने सबसे ज्यादा सही उत्तर दिए इसलिए टीम B को विजयी घोषित किया गया। |
|  |  |

21.05.2022

IQAC Coordinator

IQAC COORDINATOR
Bhagwan Aadinath Collage of Education
Maharra-Lalitpur

Principal

प्राचार्य
भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन
महर्रा, ललितपुर

अमर उजाला Job Alert

## BDL में अवसर ■80 पद



प्रोजेक्ट डिप्लोमा/ट्रेड असिस्टेंट के विभिन्न पद

- आयु-सीमा : अधिकतम आयु 28 वर्ष निर्धारित।
- पात्रताएं : उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त संस्थान से मैकेनिक/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स आदि संबंधित विषयों में तीन वर्षों का डिप्लोमा/डिग्री व अन्य निर्धारित पात्रताएं होनी चाहिए।
- चयन का तरीका : अभ्यर्थियों का चयन योग्यता-अंकों एवं साक्षात्कार के अनुसार किया जाएगा। योग्यता अंकों के लिए 75 अंक ... पोस्ट-क्वालिफिकेशन एवं इंटरव्यू के लिए 25 अंक दिए जाएंगे। ... को मेरिट के आधार पर इंटरव्यू के लिए शॉर्टलिस्ट किया ... की फाइनल मेरिट लिस्ट योग्यता-अंक, पोस्ट- ... इंटरव्यू के अनुसार तैयार की जाएगी।
- ...ि : 04 जून, 2022 तक ऑनलाइन ...

# क्विज प्रतियोगिता में टीम बी ने मारी बाजी

## सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

ललितपुर। भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शनिवार को मिशन शक्ति फेज 4.0 के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय प्रांगण की सफाई की। उधर, महाविद्यालय के आईसीटी ब्लॉक में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंधक प्रदीप जैन और प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार जैन ने किया। प्रतियोगिता में सभी विभागों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। उनको टीम ए, टीम, बी, तथा टीम सी में टीम बी ने सबसे ज्यादा सही उत्तर दिए। टीम बी को विजयी घोषित किया गया। कार्यक्रम में ब्रजमोहन वर्मा, अनुज बुंदेला, भावना सेन मौजूद रहे।



आदिनाथ कॉलेज में मौजूद छात्र-छात्राएं और प्राध्यापक। -संवाद

### क्विज प्रतियोगिता में आशीष रहे अव्वल

ललितपुर। दीपचंद चौधरी महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे। जिसमें आशीष प्रथम, आकाश द्वितीय और शिवानी मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संवाद




# सड़क सुरक्षा के प्रति छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

मेले में 60 युवाओं ...

NAAC ACCREDITED WITH "A" GRADE

[redacted]

# Bhagwan Aadinath College of Education

Recognized by NCTE and Affiliated to Bundelkhand University Jhansi, Est. 2014

*(A unit of Digamber Jain Education Welfare Society, Talabpura Lalitpur-U.P. 284403)*

(2F&12B by UGC)

| Activity Report | |
|---|---|
| Academic Year | 2021-22 |
| Name of Activity | सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम |
| Activity Date | 26 May 2022 |
| Organized By | NSS Unit & College Cultural Committee |
| Number of Teachers | 43 |
| Number of Non Teaching Staff | 10 |
| Number of Students | 203 |
| Objective | To aware Road Safety in the growing Young Road Users |
| Brief Report | आज दिनांक 26 मई 2022 दिन गुरुवार को नेक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त शिक्षण संस्थान भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन महर्रा ललितपुर में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी छात्र छात्राओं को प्रदान की गई। जिसमें मास्टर ट्रेनर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार जैन, महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी श्री बृजमोहन वर्मा और सहायक प्राध्यापक अंकित नामदेव रहे। प्राचार्य डॉ सुनील कुमार जैन ने बताया कि यातायात के सभी नियमों का पालन करें और वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग कदापि ना करें। प्रशासनिक अधिकारी श्री बृजमोहन वर्मा ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आप आर.टी.ओ. जाने की आवश्यकता नहीं है आप घर से इंटरनेट के माध्यम से परिवहन विभाग की वेबसाइट पर जाकर लाइसेंस के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। आइक्यूएसी सेल प्रभारी डॉ. रोहित कुमार जैन ने बताया कि वाहन चलाते समय धैर्य रखें और तेज गति से वाहन ना चलाएं। बीएड विभाग से श्री राकेश कुमार ने बताया कि नशा और नींद की हालत में वाहन ना चलाएं और दुर्घटना से बचें। बीपीएड विभाग से श्री विनोद कुमार बौद्ध ने कहा कि वाहन चलाते समय सेल्फी ना ले और सड़कों पर स्टंट ना करें। समाजशास्त्र के सहायक प्राध्यापक अंकित नामदेव ने यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से चर्चा की। |
| Photo |  |

IQAC Coordinator
IQAC COORDINATOR
Bhagwan Aadinath Collage of Education
Maharra-Lalitpur

डॉ सुनील कुमार जैन
Principal
प्राचार्य
भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन
महर्रा, ललितपुर





ललितपुर : वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते एनसीसी कैडेट्स एवं गोष्ठी के दौरान मौजूद अतिथिगण।

# समाज सुधार में युवाओं की भूमिका अहम : कमलेश

- श्री दीपचंद चौ[illegible] के एनसीसी [illegible] चालकों को [illegible]

ललितपुर ब्यूरो : दीपचंद चौधरी महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत शहर के सावरकर चौराहे से घण्टाघर तक सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। साथ ही यातायात पुलिस के साथ मिलकर दोपहिया व चार पहिया वाहन चालकों को यातायात के प्रति जागरूक किया व नियम भी बताये। वाहन चालकों को यातायात के नियमों के पालन करने की भी अपील की गई। रैली को महाविद्यालय के प्रबंधक कमलेश चौधरी और प्राचार्य डॉ. जे.एस. तोमर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रबंधक ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ही समाज को सुधार सकती है। प्रो. राकेश राजन ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स द्वारा यातायात पुलिस के सहयोग से शहर में वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात प्रभारी अभिनेन्द्र सिंह चौहान, ट्रैफिक एसआई निहाल सिंह सेंगर, ट्रैफिक एसआई अतीक अहमद, हेड कौस्टेबल ट्रैफिक [illegible]बहादुर सिंह, कौस्टेबल अभिषेक [illegible]र, कांस्टेबल रजनीकांत गोस्वामी सहित प्रबंधतंत्र की ओर से प्रदीप चौधरी, प्रवीण चौधरी, विकास चौधरी, गौरव चौधरी व शिक्षकों में ई. मनीष कुमार, आदित्य मिश्रा, राकेश राजन, पुष्पेंद्र कुमार, डॉ. रामेन्द्र कुमार, डॉ. खुशबू सिद्दीकी, प्रो. बृजेश पटैरिया, प्रो. अभिषेक रावत, प्रो. शेरबहादुर सिंह, डॉ. सज्जन अली, डॉ. सतीश कुमार, प्रो. राहुल चौबे, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. श्रीराम कुशवाहा, प्रो. आकाश राय, प्रो. प्रदीप गंगेले, प्रो. महेंद्र झा, प्रो. शुभम, प्रो. एकता शर्मा, प्रो. नितिन जैन, प्रो. सुमिता पाडेय, प्रो. नीतू शर्मा, प्रो. सुमनप्रीत कौर, प्रो. रीमा यादव, प्रो. फरहीन, प्रो. सपना चक्रवर्ती, यासमीन, सुमन कुमार, अनुज सेन, नीलेश नामदेव, भगवानदास मौजूद रहे।





ललितपुर : कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथिगण।

## वाहन चलाते समय न लें सेल्फी

ललितपुर : नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त शिक्षण संस्थान भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन महरौनी में 26 मई को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम के तहत मास्टर ट्रेनर द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई। इस दौरान मास्टर ट्रेनर प्राचार्य सुनील कुमार जैन ने बताया कि यातायात के सभी नियमों का पालन करें। प्रशासनिक अधिकारी बृजमोहन शर्मा ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस [बन]वाने के लिये आरटीओ आने की आवश्यकता नहीं है। आइक्यूएसी सेल प्रभारी डॉ. रोहित कुमार जैन ने बताया कि वाहन चलाते समय धैर्य रखें और तेज गति से वाहन ना चलायें। समाजशास्त्र के सहायक प्राध्यापक अंकित नामदेव ने यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान अनुराग पटैरिया, मधु जैन, कामता प्रसाद, अनुज हुण्डेत, नीलेश जैन, सतलेश सिंह, शिवानी गुर्जर, कृष्णा ग्वाला, अंकित जैन, पुष्पेंद्र यादव, जगत नारायण, दीक्षा बुंदेला, श्रुति जैन, श्रद्धा यादव, दीक्षा, संकल्प, राहुल तथा अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## दुर्घटनाओं से बचाव को नियमों का पालन [ज]रूरी

ललितपुर : पहलवान गुरु[illegible] महिला महाविद्यालय पनारी[illegible] सुरक्षा अभियान [illegible] द्वारा सड़क सुरक्ष[illegible] कार्यक्रम आयोजि[illegible] छात्राओं को प्र[illegible] महाविद्यालय के [illegible] ने कहा कि प्रतीत[illegible] के अभाव में सड़[illegible] सड़क सुरक्षा के [illegible] हुए। प्राचार्य डॉ. [illegible] एनएसएस की [illegible] यदि यह सड़क [illegible] अपने घर वालों[illegible] नियमों को समझ[illegible] तो शासन की मंश[illegible] जाएगी। इस दौर[illegible] खरे, असि. प्रो [illegible] जुनैद रजा, असि[illegible] असि. प्रो. रंजना [illegible] सुषमा पटेल, [illegible] जायसवाल, पू[illegible] अनामिका, शबनम[illegible] झा, मुस्ताक खा[illegible] रामसहाय, परमा[illegible] विमला, सरोज मौजू[द रहे।]


दैनिक जागरण 4
झांसी, 27 मई 2022

IQAC Coordinator Principal

53

NAAC ACCREDITED WITH "A" GRADE

[redacted]

# Bhagwan Aadinath College of Education

Recognized by NCTE and Affiliated to Bundelkhand University Jhansi, Est. 2014

*(A unit of Digamber Jain Education Welfare Society, Talabpura Lalitpur-U.P. 284403)*

(2F&12B by UGC)

| Activity Report | |
|---|---|
| Academic Year | 2021-22 |
| Name of Activity | To awareness Government Scheme for women in Uttar Pradesh |
| Activity Date | 28 May 2022 |
| Organized By | IQAC |
| Number of Teachers | 40 |
| Number of Non Teaching Staff | 10 |
| Number of Students | 130 |
| Objective | To awareness Government Scheme for women in Uttar Pradesh |
| Brief Report | आज दिनांक 28 मई 2022 को NAAC द्वारा ए ग्रेड प्राप्त महाविद्यालय, भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन मे " मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित सरकारी योजनाएं" विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक श्री प्रदीप कुमार जैन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार जैन के उद्बोधन के द्वारा इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई प्रबंधक श्री प्रदीप जैन ने कहा कि सरकार की जो योजनाएं हैं उन योजनाओं का लाभ महिलाएं ले रही हैं मगर अभी भी कई जगह महिलाओं को इसकी जानकारी नहीं है तो इन योजनाओं के लाभ के लिए आप सभी छात्राओं को अपने घरों में रिश्तेदारों में सभी को इन योजनाओं के बारे में बताना है। प्राचार्य डॉ सुनील कुमार जैन ने कहा कि सरकार की ये योजनायें जब प्रत्येक जरूरतमंद महिला तक पहुंचेगी सरकार का सपना तब सच होगा, सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं आई.क्यू.ए.सी.कोओडिनेटर डॉ रोहित कुमार जैन ने भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए संचालित योजनाओं का लाभ लेना चाहिए और अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहिए।इन योजनाओं में<br>1-बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना।<br>2- सुकन्या समृद्धि योजना।<br>3- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना। 4- सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना।<br>5- फ्री सिलाई मशीन योजना और<br>6-प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री समर्थ योजना। |





28.05.2022

IQAC Coordinator

IQAC-COORDINATOR
Bhagwan Aadinath Collage of Education
Maharra-Lalitpur

Principal
प्राचार्य
भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन

# छात्राओं को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**भगवान आदिनाथ कॉलिज ऑफअजुकेशन में मिशन शक्ति कार्यक्रम सम्पन्न**



ललितपुर : कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्रायें। ▸▸ जागरण

ललितपुर ब्यूरो : नेक द्वारा ए ग्रेड प्राप्त महाविद्यालय भगवान आदिनाथ कॉलिज ऑफ एजुकेशन में 28 मई को मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित सरकारी योजनायें विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्रबंधक प्रदीप कुमार जैन ने कहा कि सरकार की जो योजनायें हैं उन योजनाओं का लाभ महिलायें ले रही हैं, मगर अभी भी कई जगह महिलाओं को इसकी जानकारी नहीं है तो इन योजनाओं के लाभ के लिये छात्राओं को अपने घरों में रिश्तेदारों में सभी को इन योजनाओं के बारे में बताना है ताकि सरकार की जो योजनायें प्रत्येक महिला तक पहुंच सके। प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार जैन ने कहा कि सरकार की ये योजनायें जब प्रत्येक जरूरतमंद महिला तक पहुंचेगी सरकार का सपना तब सच होगा। सरकार ने कई योजनायें चलाई हैं उन योजनाओं का लाभ प्रत्येक महिला तक पहुंचाना सभी विद्यार्थियों का कर्तव्य है।

आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. रोहित कुमार जैन ने भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, फ्री सिलाई मशीन योजना और प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री समर्थ योजना संचालित की जा रही है जिनका लाभ लेना चाहिये और अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहिये। उन्होंने कहा कि यह योजनायें सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई गई है। भावना सेन ने अपने पीपीटी प्रेजेंटेशन द्वारा सभी बच्चों को सरकार की योजनाओं को संक्षेप में बताया। मधु जैन ने सभी छात्राओं की समस्या और उनके समाधान के बारे में अवगत कराया तथा उन समस्याओं को सरकार की योजनाओं से जोड़कर उनके मजबूती की ओर बढ़ते कदम की सराहना की।

## 6 दिनों से 3 गाँव में लाइट नहीं पहुँची

अखौरा (ललितपुर) : शासन की मंशा कुछ भी हो लेकिन धरातल पर काम करने वाला कर्मचारी, अधिकारी ही अपने आप को सर्वोच्च मानता है। इतनी गर्मी पड़ रही है कि लोग घर से बाहर नहीं निकल पा रहे है, गर्मी से गर्भवती महिलाएं बच्चों एवं वृद्ध का बुरा हाल है। सरकार निरन्तर लाइट देने की बात कर रही है, अधिकारियों से लाइट को मुहैया कराने के लिए कहा जा रहा है, लेकिन जखौरा अन्तर्गत ग्राम बसवा, कराई एवं पचौरा में 6 दिन से लाइट नहीं पहुँची। ऐसा नहीं कि इसकी शिकायत लगातार नहीं की जा रही हो।

# जिले में पाँच हज जाने वाले चयनित, दिया गया प्रशिक्षण

- कोरोना काल से बन्द थी हज यात्रा, इस दफा खुलने से यात्रियों में खुशी
- निर्धारित अवधि पर फ्लाइट के माध्यम से अरब के लिए भरेंगे उड़ान

ललितपुर ब्यूरो : कोरोना काल में प्रतिबंधित रही हज यात्रा इस वर्ष बहाल होने के साथ ही महंगी भी हो गई है। नतीजे में आवेदनों में कमी आई है। जनपद ललितपुर से इस दफा हज जाने वालों में मात्र पाँच ही लोग चयनित किए गए। सूत्रों के मुताबिक आवेदनों की संख्या कम होने के चलते इस दफा आवेदकों के चयन के लिए लाटरी पद्धति की नौबत नहीं आई। सभी आवेदकों को हज यात्रा में जाने के लिए आसानी से चयन हो गया।

